UBN No. - RTC2425WSOB00014

RSRTC

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, प्रतापगढ आगार

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, प्रतापगढ (राज.) 312605

Mobile Number : 9549653330 E-Mail Address- rsrtc.cmptg@gmail.com

BHIM

क्रमांकः— मु0प्र0 / प्रताप. / वित्त / 2024 / 130 दिनांकः— 07.06.2024

निविदा–सूचना

श्रीमान् कार्यकारी प्रबन्धक (निर्माण) मुख्यालय जयपुर के आदेशांक : 608 दिनांक 08.09.2023 के क्रम में आगार कार्यशाला प्रतापगढ आगार में विद्युत केबल क्षतिग्रस्त होने के कारण नई विद्युत केबल एवं अन्य मरम्मत कार्य हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है। उक्त कार्य करवाया जाना है जिसकी शर्ते निम्न प्रकार है:–

1. 25 एमएम की केबल 585 फिट एवं 16 एमएम की 215 फिट केबल कुल अनुमानित 800 फिट नई विद्युत केबल लगवाई जानी है।
2. विद्युत सप्लाई हेतु आवश्यक टूल एंव बॉक्स लगवाए जाने है।
3. उक्त कार्य निविदा स्वीकृति के पश्चात 15 दिवस की अवधि में पूर्ण करना होगा।
4. कार्य पुर्ण होने के पश्चात आगार में निर्धारत प्रारूप में बिल प्रस्तुत करने पर ही भुगतान किया जायेगा।
5. उक्त कार्य की अधिकतम लागत 120000 / –रू0 रहेगी।

इच्छुक व्यक्ति / संस्थान कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 18.06.2024 को समय 14.00 बजे तक राशि 200 / – रूपये शुल्क जमा कराकर प्रार्थना पत्र प्राप्त कर सकेगे एंव 14.00 तक प्रार्थना पत्र मय कोटेशन निम्नहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगें। दिनांक 18.06.2024 को 15.00 बजे तक कोटेशन पर आगारीय कमेटी द्वारा कोटेशन प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियो के समक्ष खोले जायेंगे एंव न्युनतम लागत वाली संस्थान / व्यक्ति को निविदा स्वीकृती जारी की जायेगी। इस सम्बन्ध में विवरण निगम वेबसाईट http://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc एवं RTPP पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

निविदा स्वीकार / निरस्त करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।

7/06/24

मुख्य प्रबन्धक
प्रतापगढ आगार

क्रमांकः— मु0प्र0 / प्रताप. / वित्त / 2024 / 130 दिनांकः— 07.06.24

प्रतिलिपिः— निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं।

1. श्रीमान् उप महा प्रबन्धक (आई.टी.), रा0रा0प0प0 निगम, मुख्यालय जयपुर को भेजकर निवेदन है कि उक्त निविदा सूचना वेबसाईट पर उपलब्ध कराने का श्रम करावें।
2. श्रीमान् कार्यकारी प्रबन्धक (विज्ञापन), रा0रा0प0प0 निगम मुख्यालय जयपुर को भेजकर निवेदन है कि निविदा सूचना स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित कराने का श्रम करावें।
3. श्रीमान् कार्यकारी प्रबन्धक (जनसम्पर्क), रा0रा0प0प0 निगम मुख्यालय जयपुर।
4. नोटिस बोर्ड, नगर परिषद / जिला कलेक्ट्रेट / निगम बस स्टेण्ड प्रतापगढ आगार / नगर परिषद बस स्टैण्ड, प्रतापगढ।
5. निजी पत्रावली।

7/06/24

मुख्य प्रबन्धक
प्रतापगढ आगार